
CORDOVA® App 24X7 For Teachers Only

FREE SMART CLASS SOFTWARE

For Teachers Only

# सुगम हिंदी व्याकरण




CORDOVA®

Scanned with CamScanner

# विषय-सूची *(Contents)*


| | विषय | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | भाषा | (Language) | 5 |
| 2. | वर्ण | (The Alphabet) | 11 |
| 3. | मात्राएँ | (Symbols of Vowels) | 18 |
| 4. | शब्द व वाक्य | (Words and Sentences) | |
| | **अभ्यास प्रश्न-पत्र** | | 22 |
| 5. | संज्ञा | (Noun) | 25 |
| 6. | लिंग | (Gender) | 26 |
| 7. | वचन | (Number) | 31 |
| | **अभ्यास प्रश्न-पत्र** | | 36 |
| 8. | सर्वनाम | (Pronoun) | 41 |
| 9. | विशेषण | (Adjective) | 42 |
| 10. | क्रिया | (Verb) | 46 |
| 11. | अशुद्धि शोधन | (Error Correction) | 51 |
| | **विशेष गतिविधि ( खेल-खेल में )** | **(Fun Activity)** | 55 |
| 12. | पर्यायवाची शब्द | (Synonyms) | 60 |
| 13. | विलोम शब्द | (Antonyms) | 62 |
| 14. | अनेक शब्दों के लिए एक शब्द | (One Word Substitution) | 65 |
| | **अभ्यास प्रश्न-पत्र** | | 68 |
| 15. | मुहावरे | (Idioms) | 71 |
| 16. | गिनती | (Counting) | 72 |
| 17. | दिन और महीने | (Days and Months) | 76 |
| 18. | पत्र | (Letter) | 79 |
| 19. | निबंध-लेखन | (Essay Writing) | 83 |
| 20. | कहानी-लेखन | (Story Writing) | 88 |
| 21. | अपठित गद्यांश | (Unseen Passage) | 91 |
| 22. | चित्र-वर्णन | (Picture Description) | 96 |
| 23. | वार्तालाप | (Conversation) | 99 |
| ☐ | **रचनात्मक गतिविधि-I-II** | | 101 |
| ☐ | **अभ्यास प्रश्न-पत्र-I** | | 102 |
| ☐ | **रचनात्मक गतिविधि-III-IV** | | 104 |
| ☐ | **अभ्यास प्रश्न-पत्र-II** | | 106 |
| | | | 107 |


Scanned with CamScanner

# 1 भाषा (Language)

**देखिए, पढ़िए और समझिए–**




ऊपर दिए गए चित्रों में मीनू और शीनू आपस में बातें कर रही हैं। शीनू ने मीनू से **पूछा**–मीनू, तुम क्या कर रही हो? मीनू ने **सुनकर** जवाब दिया–मैं एक कविता पढ़ रही हूँ। फिर मीनू ने **लिखी** हुई कविता **पढ़कर** शीनू को सुनाई।

**इस तरह–**

हम अपनी बात **बोलकर** या **लिखकर** दूसरों को समझाते हैं और दूसरों की बात **सुनकर** या **पढ़कर** समझते हैं। ऐसा हम भाषा के द्‌वारा ही करते हैं।

**शिक्षक-सूत्र** बच्चों को बताएँ कि भाषा के बिना जीवन कितना निरर्थक है। भाषा के महत्त्व को सविस्तार समझाएँ।



Scanned with CamScanner

**भाषा वह साधन है जिसके द्‌वारा हम अपनी बातों को दूसरों तक पहुँचाते हैं और दूसरों की बातों को समझते हैं।**

## भाषा के रूप

**भाषा के दो रूप होते हैं–** (क) मौखिक भाषा (ख) लिखित भाषा

**(क) मौखिक भाषा–** अपनी बात को **बोलकर** दूसरे तक पहुँचाना और दूसरे की बात को सुनकर समझना ही **मौखिक भाषा** है; जैसे–




ये मौखिक भाषा के रूप हैं, जिसमें दो दोस्त एक-दूसरे की बात **सुनकर**, **समझकर** जवाब दे रहे हैं।

**(ख) लिखित भाषा–** अपनी बात को **लिखकर** दूसरे तक पहुँचाना और दूसरे की बात को **पढ़कर** समझना ही **लिखित भाषा** है; जैसे–




ये लिखित भाषा के रूप हैं, जिसमें रीया **लिखा** हुआ **पढ़कर** नीतू को सुना रही है।



Scanned with CamScanner

सड़क पर चलते समय आपने देखा होगा कि चौराहे पर खड़ा ट्रैफ़िक पुलिस वाला सीटी बजाता है और वाहनों को इशारे से रुकने तथा चलने का संकेत देता है। लेकिन वह भाषा नहीं होती है। ऐसे इशारे तो हम पशु-पक्षियों में भी देखते हैं। क्या आपने कभी जानवरों की बोली को समझने की कोशिश की है? क्या आप उसे समझ पाते हैं? नहीं, तो क्यों नहीं? क्योंकि जानवरों की बोली भाषा नहीं कहलाती है।



**अन्य भाषाएँ–** भारत देश में 29 राज्य हैं। इसलिए यहाँ लोग हिंदी भाषा के साथ-साथ अपने राज्यों की भाषा का भी प्रयोग करते हैं; जैसे–




पंजाब | केरल | बंगाल | महाराष्ट्र

**विशेष**

- हमारे देश में बहुत से राज्यों में **हिंदी भाषा** बोली जाती है।
- पूरे राष्ट्र (देश) में बोली जाने वाली भाषा **राष्ट्रभाषा** कहलाती है।
- **हिंदी** हमारी राष्ट्रभाषा है।
- हर साल **14 सितंबर** को **हिंदी दिवस** मनाया जाता है।



Scanned with CamScanner

# लिपि

प्रत्येक भाषा की अलग-अलग लिपि होती है।

| **भाषा** | **लिपि** |
|---|---|
| संस्कृत, हिंदी, मराठी | देवनागरी |
| उर्दू | फ़ारसी |
| अंग्रेज़ी | रोमन |
| पंजाबी | गुरुमुखी |

लिखने के ढंग या विधि को लिपि कहते हैं।

**लिखना-पढ़ना जो सिखलाए, आपकी भाषा वो कहलाए।**
**भाषाएँ हैं यहाँ अनेक, प्यार सभी को रखता एक।**



## आओ पाठ दोहराएँ

कौशल-पठन ( उच्चारण, [illegible] )

- भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने विचार प्रकट करते हैं।
- भाषा के दो रूप हैं– (क) **मौखिक भाषा** (ख) **लिखित भाषा**
- लिखने की विधि **लिपि** कहलाती है।
- हिंदी हमारी **राष्ट्रभाषा** है।

## अभ्यास



### मौखिक

कौशल-[illegible]

1. भाषा हमें क्या-क्या सिखाती है?
2. आप अपने दोस्तों को अपने जन्मदिन पर बुलाना चाहते हैं। आप उन्हें कैसे बुलाएँगे?



Scanned with CamScanner

1. दिए गए वाक्यों में ✓ या ✗ का निशान लगाइए–

(क) भाषा के तीन रूप होते हैं। ◯

(ख) पत्र लिखना भाषा का लिखित रूप है। ◯

(ग) चुटकुला सुनाना भाषा का लिखित रूप है। ◯

(घ) हिंदी भाषा की लिपि देवनागरी है। ◯

(ङ) पंजाब की भाषा बंगाली होती है। ◯

(च) हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। ◯

2. भाषा के सही रूप में ✓ का निशान लगाइए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| फ़ोन पर बातें करना | – | मौखिक भाषा | ◯ | लिखित भाषा | ◯ |
| कविता लिखना | – | मौखिक भाषा | ◯ | लिखित भाषा | ◯ |
| कहानी सुनाना | – | मौखिक भाषा | ◯ | लिखित भाषा | ◯ |
| पत्र लिखना | – | मौखिक भाषा | ◯ | लिखित भाषा | ◯ |

3. मिलान कीजिए–

| भाषा | लिपि |
|---|---|
| संस्कृत | फ़ारसी |
| हिंदी | रोमन |
| अंग्रेज़ी | देवनागरी |
| उर्दू | गुरुमुखी |
| पंजाबी | देवनागरी |

4. दिए गए शब्दों की सहायता से खाली जगह भरिए–

(क) भाषा के .................................. रूप होते हैं।

(ख) लिखने के ढंग को .................................. कहते हैं।

(ग) हमारी राष्ट्रभाषा .................................. है।

(घ) हिंदी दिवस .................................. को मनाया जाता है।

14 सितंबर
लिपि
हिंदी
दो



Scanned with CamScanner

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) भाषा किसे कहते हैं?

.......................................................................................................

(ख) भाषा के कितने रूप होते हैं? उनके नाम लिखिए।

.......................................................................................................

(ग) लिपि से आप क्या समझते हैं?

.......................................................................................................

6. बोली अनेक है, वेशभूषा अनेक है फिर भी हम सब एक हैं। इसलिए हमें आपस में किस तरह रहना चाहिए?

मूल्यपरक प्रश्न

अलग-अलग ◯ प्यार से ◯ लड़कर ◯

## गतिविधि

रचनात्मक-लेखन (विचार, भाव, लिखावट)

- चित्र देखकर ✓ निशान लगाकर बताइए कि किस-किस समय भाषा की ज़रूरत होगी?





Scanned with CamScanner



# 2 वर्ण (The Alphabet)

बच्चो, आपने पिछली कक्षा में हिंदी के अक्षरों को पढ़ना-लिखना सीखा। उन अक्षरों को **वर्ण** भी कहते हैं।

**ध्यान दीजिए–**



मोबाइल ट्रिन-ट्रिन बज रहा है।



कुत्ता 'भों-भों' कर रहा है।

आप ऊपर दी गई ध्वनियों को तो पहचानते ही होंगे। संसार में सभी प्राणी अपनी-अपनी ध्वनियों से पहचाने जाते हैं। जब हम कुछ भी बोलते हैं, तो हमारे मुँह से ध्वनियाँ निकलती हैं।

जैसे– 'खेलना' शब्द की ध्वनि है– 'ख् + ए + ल् + अ + न् + आ।' जब हम मुँह से निकली हुई ध्वनियों को लिखते हैं, तो ये **वर्ण** कहलाती हैं।

वर्ण या अक्षर भाषा की सबसे छोटी ध्वनि है, जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते।

अतः हम कह सकते हैं कि–

**सबसे छोटी ध्वनि जिसके टुकड़े नहीं हो सकते, वह वर्ण या अक्षर कहलाती है।**

**शिक्षक-सूत्र** दिए गए उदाहरणों के आधार पर अध्यापक बच्चों को ध्वनि और उससे उत्पन्न वर्णों के बारे में समझाकर बताएँ। ध्वनि और वर्णों के बीच के अंतर को स्पष्ट करें।



Scanned with CamScanner

जैसे–



कमल



किताब



शेर

'कमल', 'किताब' और 'शेर' शब्द कई ध्वनियों से मिलकर बने हैं–

कमल – क् + अ + म् + अ + ल् + अ

किताब – क् + इ + त् + आ + ब् + अ

शेर – श् + ए + र् + अ

इन ध्वनियों को **वर्ण** या **अक्षर** कहते हैं।

## वर्णों के प्रकार

**वर्ण दो प्रकार के होते हैं–** (क) स्वर (Vowels) (ख) व्यंजन (Consonants)

**स्वर–** जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी वर्ण की सहायता से किया जाता है, उन्हें स्वर कहते हैं।

हिंदी में ग्यारह (11) स्वर होते हैं–




**व्यंजन–** जिन वर्णों के उच्चारण के लिए स्वरों की सहायता की आवश्यकता पड़ती है, उन्हें व्यंजन कहते हैं; जैसे– क् + अ = क, च् + अ = च।



Scanned with CamScanner

हिंदी में **तैंतीस** (33) व्यंजन होते हैं–




## हिंदी की वर्णमाला

जिस तरह मोतियों को पिरोकर मोतियों की माला बनती है, उसी तरह वर्णों को मिलाकर वर्णों की माला यानी वर्णमाला बनती है।

**स्वर (11) + व्यंजन (33) = वर्णमाला (44)**

**वर्णों के क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं।**

**विशेष**

- स्वर के बिना व्यंजन हलंत ( ् ) लगाकर लिखे जाते हैं।
- क, च, प, ब आदि सभी व्यंजनों में 'अ' स्वर लगा होता है। इन्हें हम हलंत ( ् ) लगाकर लिखेंगे; **जैसे**– क् + अ, च् + अ, प् + अ, ब् + अ आदि।



Scanned with CamScanner

**संयुक्त व्यंजन-** 'क्ष, त्र, ज्ञ, श्र' को हिंदी भाषा में संयुक्त व्यंजन माना गया है। ये दो व्यंजनों के मेल से बनते हैं, इसलिए इन्हें **संयुक्त व्यंजन** कहते हैं; जैसे–




कक्षा में बच्चे शांत बैठे हैं।

क्ष = क् + ष



साधु त्रिशूल लेकर खड़ा है।

त्र = त् + र



ज्ञानी के पास ज्ञान का भंडार है।

ज्ञ = ज् + ञ



किसान श्रम करते हैं।

श्र = श् + र

## अनुस्वार और अनुनासिक



मम्मी जी मेरे बालों में कंघी कर दो।



दादा जी चाँद कितना चमक रहा है।

बच्चो, आपने ऊपर वाक्यों में 'कंघी' शब्द में ं और 'चाँद' शब्द में ँ चिह्न देखे। यह चिह्न ं अनुस्वार और यह चिह्न ँ अनुनासिक (चंद्रबिंदु) कहलाता है।



Scanned with CamScanner

**विशेष**

- अं और अः वर्णों को अयोगवाह (After sound) माना जाता है। ये न स्वर होते हैं न व्यंजन। ये ध्वनियाँ 'अ' स्वर पर लगती हैं; जैसे– कंकड़, प्रायः आदि।
- ड़ और ढ़ वर्णों को अतिरिक्त व्यंजन कहा जाता है। इनका प्रयोग शब्द के शुरू में नहीं होता है; जैसे– सड़क, पढ़ना आदि।

## आओ पाठ दोहराएँ

कौशल-पठन ( उच्चारण, अबोध-भाषण )

- मुँह से निकली ध्वनियों से ही भाषा बनती है।
- वर्ण भाषा की सबसे छोटी ध्वनि होते हैं।
- वर्ण के प्रकार– **स्वर** और **व्यंजन**।
- स्वर में किसी अन्य वर्ण की सहायता नहीं ली जाती है।
- व्यंजन स्वरों की मदद से बोले जाते हैं।
- स्वर और व्यंजन के योग से **वर्णमाला** बनती है।
- क्ष, त्र, ज्ञ और श्र **संयुक्त व्यंजन** होते हैं।

# अभ्यास

## मौखिक

कौशल-बोलना ( बोध, संवाद )

1. 'अं' और 'अः' वर्णों को क्या माना जाता है?
2. आपका नाम स्वर या व्यंजन से शुरू होता है?

## लिखित

कौशल-लेखन ( व्याकरण, शब्दावली, लिखावट )

1. दिए गए वाक्यों में ✓ या ✗ का निशान लगाइए–

(क) वर्ण भाषा की सबसे छोटी ध्वनि होते हैं। ◯

(ख) वर्ण तीन प्रकार के होते हैं। ◯

(ग) वर्णों के योग से वर्णमाला बनती है। ◯



Scanned with CamScanner

(घ) स्वर व्यंजन की मदद से बोले जाते हैं।

(ङ) स्वर और व्यंजन को मिलाकर 44 वर्ण होते हैं।

**2. प्रश्नों के सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) वर्णमाला किसे कहते हैं?

शब्दों के क्रमबद्ध समूह को

वर्णों के क्रमबद्ध समूह को

विचारों के आदान-प्रदान को

(ख) वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?

दो    तीन    चार

(ग) स्वर और व्यंजन के योग से क्या बनता है?

मोतियों की माला    स्वरों की माला    वर्णों की माला


(घ) संयुक्त व्यंजन कौन से हैं?

अं, अः    क्ष, त्र, ज्ञ, श्र    ड़, ढ़

**3. दिए गए शब्दों में अनुस्वार ( ं ) या अनुनासिक ( ँ ) लगाकर लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पाच – | ........................ | काच – | ........................ |
| ठडा – | ........................ | मुह – | ........................ |
| दात – | ........................ | कघा – | ........................ |
| झडा – | ........................ | तिरगा – | ........................ |

**4. स्वर और व्यंजन छाँटकर अलग-अलग लिखिए–**






Scanned with CamScanner

5. **दिए गए शब्दों की ध्वनियों को अलग-अलग करके लिखिए–**

कप – **क् + अ + प् + अ**

अमन – ........................................

कलम – ........................................

चल – ........................................

अनवर – ........................................

6. **निम्नलिखित वर्णों को मिलाकर शब्द बनाइए–**

क् + अ + म् + अ + ल् + अ – **कमल**

ब् + अ + स् + अ – ........................................


म् + अ + ट् + अ + र् + अ – ........................................

क् + अ + र् + अ + न् + अ – ........................................

## गतिविधि

रचनात्मक-लेखन ( विचार, भाव, लिखावट )

- **व्यंजनों को क्रमबद्ध मिलाइए और चित्र में रंग भी भरिए-**




**अब बताइए, आपने क्या बनाया?**



Scanned with CamScanner


3

# मात्राएँ
## (Symbols of Vowels)

देखिए, पढ़िए और समझिए-




शेर



मोर



खिलौना



घड़ी

बच्चो, इन चित्रों के नाम में व्यंजन हैं। व्यंजनों को तो आप पहचानते ही हैं। इन व्यंजनों के साथ कई चिह्न लगे हुए हैं; जैसे—शेर शब्द में श के साथ 'ए' का चिह्न लगा है।

इसी तरह सभी चित्रों के नीचे जो शब्द लिखे हैं, उनमें कोई-न-कोई चिह्न लगा हुआ है। ऐसे चिह्नों को **मात्रा** कहते हैं।

व्यंजन के साथ स्वर नहीं लिखते बल्कि उसकी मात्रा लगाते हैं। अगर मात्रा की जगह स्वर लगाक लिखते तो ये शब्द इस प्रकार लिखे जाते— **शएर**, **मओर**, **खइलऔनआ**, **घड़ई**।

इन शब्दों को पढ़कर आपको कुछ समझ में आ रहा है? नहीं, इसलिए स्वर जब व्यंजन से मिलते हैं तब इनका रूप बदल जाता है और यह बदला हुआ रूप ही मात्रा कहलाता है।

**शिक्षक-सूत्र** अध्यापक/अध्यापिकाएँ ब्लैक बोर्ड पर व्यंजन के साथ लिखी जाने वाली स्वर वर्णों की मात्राओं को बताएँ तथा मात्राओं के सही उच्चारण के लिए पर्याप्त शब्द बनाएँ और बच्चों से पूछें।



Scanned with CamScanner

**व्यंजन के साथ स्वर का जो चिह्न लगता है, वह मात्रा कहलाता है।**

# स्वरों की मात्राएँ

| क्र.सं. | स्वर | मात्रा | व्यंजन + स्वर | मात्रा जोड़ना | स्वर के साथ व्यंजन | शब्द |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अ | मात्रा नहीं होती | क् + अ | ---- | क | कल, कलश |
| 2. | आ | ा | क् + आ | क + ा | का | काला, काल |
| 3. | इ | ि | क् + इ | क + ि | कि | किला, किसान |
| 4. | ई | ी | क् + ई | क + ी | की | कील, कीमत |
| 5. | उ | ु | क् + उ | क + ु | कु | कुल, कुली |
| 6. | ऊ | ू | क् + ऊ | क + ू | कू | कूल, कूलर |
| 7. | ऋ | ृ | क् + ऋ | क + ृ | कृ | कृपा, कृपालु |
| 8. | ए | े | क् + ए | क + े | के | केला, केतली |
| 9. | ऐ | ै | क् + ऐ | क + ै | कै | कैसा, कैलाश |
| 10. | ओ | ो | क् + ओ | क + ो | को | कोट, कोयल |
| 11. | औ | ौ | क् + औ | क + ौ | कौ | कौआ, कौरव |

**विशेष**

- 'र' के साथ 'उ' और 'ऊ' की मात्रा उसके ऊपर-नीचे या आगे-पीछे नहीं लगती है। बल्कि 'र' के साथ इस प्रकार लगती है–

  र् + उ = रु = रुई

  र् + ऊ = रू = रूप
- ऋ की मात्रा व्यंजन के पैर में लगती है।

  इस प्रकार–क् + ऋ = कृ = कृपा
- 'अ' स्वर की मात्रा नहीं होती है।



Scanned with CamScanner

## आओ पाठ दोहराएँ

- व्यंजन के साथ जो स्वर का चिह्न लगता है, उसे **मात्रा** कहते हैं।
- व्यंजन के साथ स्वर न लिखकर उसकी मात्रा लगाते हैं।
- स्वर की अपनी मात्रा होती है।
- 'अ' स्वर की कोई मात्रा नहीं होती। यह प्रत्येक वर्ण में मिला रहता है; जैसे– क् + अ = क

# अभ्यास

## मौखिक

कौशल-बोलना ( बोध, संवाद

1. मात्रा किसे कहते हैं?
2. 'ऋ' की मात्रा व्यंजन में कहाँ लगती है?

## लिखित

कौशल-लेखन ( व्याकरण, शब्दावली, लिखावट

1. दिए गए वाक्यों में ✓ या ✗ का निशान लगाइए–
   (क) व्यंजन के साथ स्वर की मात्रा लगती है। ◯
   (ख) 'अ' स्वर की भी मात्रा होती है। ◯
   (ग) ऋ की मात्रा व्यंजन के पैर में लगती है। ◯
2. दिए गए सही विकल्प पर ✓ का निशान लगाइए–
   (क) 'कृपालु' शब्द के 'क' वर्ण में कौन-सी मात्रा है?
   आ की ◯ उ की ◯ ऋ की ◯
   (ख) 'रुपया' शब्द के 'र' वर्ण में कौन-सी मात्रा है?
   आ की ◯ उ की ◯ ऊ की ◯
   (ग) 'कौन' शब्द के 'क' वर्ण में कौन-सी मात्रा है?
   ओ की ◯ ऊ की ◯ औ की ◯




Scanned with CamScanner

**3. चित्र को देखकर सही वर्ण पर सही मात्रा लगाकर शब्द पूरे कीजिए–**



त······कया



·····कला



मछल······




र······पया

**4. दी गई मात्राओं से बने दो-दो शब्द लिखिए–**

ऊ (ू) – कूल .......................... ..........................

ऋ (ृ) – कृष्णा .......................... ..........................


ऐ (ै) – पैदा .......................... ..........................

## गतिविधि

रचनात्मक-लेखन (विचार, भाव, लिखावट)

- चित्र को देखकर चार वाक्य लिखिए।

1. ............................................
............................................
2. ............................................
............................................
3. ............................................
............................................
4. ............................................
............................................





Scanned with CamScanner